तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 मेहनत ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी



## खबर संक्षेप

### मुरमा गांव में तीन दिन से अंधेरा

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम मुरमा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों के अनुसार गांव को विद्युत आपूर्ति करने वाली 11 केवी लाइन का एक तार टूटकर गिर गया है, जिसके कारण पूरे गांव की बिजली बाधित है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग को इसकी सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक लाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा आवश्यक वायर उपलब्ध नहीं होने की बात कही जा रही है, जिससे सुधार कार्य में देरी हो रही है। लगातार तीन दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र वायर उपलब्ध कराकर टूटी हुई 11 केवी लाइन की मरम्मत कराने और गांव की विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल करने की मांग की है।

### दुर्घटना को दे रहे न्यौता...



**बैकुण्ठपुर।** मालवाहक वाहन में अक्सर मजदूरों को भरकर सड़कों पर सरपट दौड़ते आसानी से देखे जा सकते है। इस तरह की लापरवाही से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### मुरमा गांव में तीन दिन से अंधेरा

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम मुरमा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों के अनुसार गांव को विद्युत आपूर्ति करने वाली 11 केवी लाइन का एक तार टूटकर गिर गया है, जिसके कारण पूरे गांव की बिजली बाधित है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग को इसकी सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक लाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा आवश्यक वायर उपलब्ध नहीं होने की बात कही जा रही है, जिससे सुधार कार्य में देरी हो रही है। लगातार तीन दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र वायर उपलब्ध कराकर टूटी हुई 11 केवी लाइन की मरम्मत कराने और गांव की विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल करने की मांग की है।

### मानस भवन की गली बनी कचरा डंपिंग जोन



**बैकुण्ठपुर।** शहर के हृदय स्थल स्थित मानस भवन के बगल से गुजरने वाली गली इन दिनों कचरा डंपिंग स्थल में तब्दील हो गई है। यहां पिछले कई दिनों से गीला और सूखा कचरा खुले में फेंका जा रहा है, जिससे नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर में स्वच्छता के दावों के बीच यह स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मानस भवन की गली में नियमित रूप से विभिन्न प्रकार का कचरा डंप किया जाता है, लेकिन उसका समय पर उठाव नहीं किया जाता। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नियमित सफाई कराई जाए।

## सोलर बैटरी खराब होने से 23 छात्रों की पढ़ाई पर संकट

# जंगल के बीच छात्रावास में अंधेरे का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर के दूरस्थ वनांचल स्थित बालक छात्रावास, बडगांवकल में रह रहे 23 छात्र इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं।

विकासखंड मुख्यालय से करीब 55 से 60 किलोमीटर दूर घने जंगल के बीच स्थित इस छात्रावास में सोलर सिस्टम की बैटरी लंबे समय से खराब पड़ी है। नतीजतन रात होते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है। बरसात के मौसम में बिजली आपूर्ति भी अक्सर बाधित रहती है और कई-कई दिनों तक बहाल नहीं हो पाती, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ उनकी सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। छात्रों का कहना है कि अंधेरे के कारण रात में छात्रावास से बाहर निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। जंगल क्षेत्र होने से सांप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने से विद्यार्थियों में भय का माहौल है और वे नियमित रूप से अध्ययन भी नहीं कर पा रहे हैं। छात्र बाल गोविंद ने बताया कि विद्यालय में लगा सोलर सिस्टम लंबे समय से बंद पड़ा है। स्कूल खुलने के बाद से ही बिजली की सुविधा नहीं मिल रही है, जिससे पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

■ जहरीले जीव के डर के बीच रात गुजारने को मजबूर विद्यार्थी






अंधेरे के कारण कक्षाओं में अध्ययन और परिसर में आने-जाने में भी विद्यार्थियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने तत्काल नई बैटरी लगाने या खराब बैटरी की मरम्मत कराने की मांग की। छात्र वन प्रसाद ने बताया कि बिजली नहीं रहने से कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी नहीं मिलती, जिससे पढ़ाई में कठिनाई होती है। वहीं अंधेरे के कारण विद्यालय परिसर में आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। उन्होंने जल्द से जल्द सोलर सिस्टम दुरुस्त कराने की मांग की। छात्र राजेश कुमार ने कहा कि लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई है। रात में पढ़ाई नहीं हो पाती और अंधेरे के कारण बाहर निकलने में भी डर लगता है। उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए तत्काल सोलर बैटरी बदलने की मांग की।

### हर बार मिला आश्वासन

छात्रावास अधीक्षक अमरजीत ने बताया कि सोलर सिस्टम की खराब बैटरी और बिजली समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हर बार अधिकारी और कर्मचारी ₹आज आएंगे, कल आएंगे₹ कहकर आश्वासन देते हैं, लेकिन मरम्मत के लिए कोई नहीं पहुंचता। लंबे समय से सोलर सिस्टम बंद होने से छात्रावास में रह रहे 23 विद्यार्थियों की पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि छात्रावास के सोलर सिस्टम की बैटरी तत्काल बदली जाए तथा नियमित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्र में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर अध्ययन का वातावरण मिल सके।

# मवेशी चराने गए ग्रामीण पर भालू का जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के वन मंडल मनेंद्रगढ़ के कुंवारपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरडोल में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मवेशी चराने गए एक ग्रामीण पर अचानक भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। भालू के हमले में ग्रामीण के सिर और जबड़े पर गंभीर चोटें आई हैं।

स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल को किसी तरह भालू के चंगुल से छुड़ाकर जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घायल का इलाज जारी है और उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरडोल निवासी रूप साय बैगा (48 वर्ष), पिता नगीना बैगा रोज की तरह अपने मवेशियों को चराने के लिए गाजर परिसर स्थित गोहडारी नदी के समीप जनडहिया पहाड़ी क्षेत्र गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से ग्रामीण को संभलने का मौका तक नहीं मिला। भालू ने सबसे पहले उनके सिर पर हमला किया और जबड़े को भी बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद घायल को भालू के चंगुल से बचाया। इसके बाद तत्काल उन्हें जनकपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वन रक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि घटना गोहडारी नदी के पास गांजर बिट क्रमांक 1242, जनडहिया पहाड़ी क्षेत्र में हुई। भालू के हमले से घायल ग्रामीण के जबड़े और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंजर दिनेश साहू ने बताया कि रूप साय बैगा मवेशी चराने के लिए जंगल क्षेत्र में गए थे, जहां भालू ने उन पर हमला कर दिया। पहले उनका इलाज जनकपुर अस्पताल में कराया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए शहडोल रेफर किया गया है। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्राम जरडोल सहित आसपास के गांवों में भय और दहशत का माहौल है।

■ घायल की हालत नाजुक, शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से जंगल और नदी किनारे भालू समेत अन्य जंगली जानवरों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीणों, चरवाहों और किसानों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, वन्यजीवों की निगरानी तेज करने और ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए प्रभावी अभियान चलाने की मांग की है।

# नाबालिग वाहन चालकों पर पुलिस का विशेष जागरूकता अभियान

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत अभिभावकों, स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में समझाइश दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिग बच्चों को दोपहिया या चारपहिया वाहन



चलाने की अनुमति न दें। ऐसा करना कानून का उल्लंघन होने के साथ ही बच्चों एवं अन्य सड़क उपयोगकतार्ओं के लिए गंभीर खतरा है। यातायात पुलिस ने मोटरयान अधिनियम की धारा 194(ए) की जानकारी देते हुए बताया कि ⏭ शेष पेज 4 पर

### घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**सीतापुर।** ग्राम उलकिया निवासी 23 वर्षीय संजीव पैंकरा अपने दोस्तों से मिलने देर रात 9 बजे अपनी बाइक से ग्राम राधापुर आया हुआ था। दोस्तों से मिलने के बाद वो अपनी बाइक से अपने गृहग्राम उलकिया वापस जा रहा था। घर जाने के दौरान वो राधापुर बैरियर से आगे बढ़ा उसकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी वाहन से जा भिड़ी। हादसे के दौरान हेलमेट नही पहनने की वजह से युवक के सिर में गंभीर चोट लगी थी और घटनास्थल पर काफी खून भी बह गया था। आनन फानन में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु हॉस्पिटल लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। घरवाले उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उपचार के दौरान देर रात युवक की मौत हो गई।

# कुंवारपुर स्कूल की छात्राओं ने सैनिक भाइयों को भेजा रक्षासूत्र

**जनकपुर।** छत्तीसगढ़ शासन लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर सच्चिदानंद साहू के मार्गदर्शन में ऑपरेशन रक्षा सूत्र के तहत रक्षक अग्निवीर भारतीय सैनिकों को लिफाफे में राखी और गाँव की एक चुटकी मिट्टी ( सैनिको के तिलक के लिये) और सैनिकों के लिये एक पत्र भेजने का आह्वान पूर्व सैनिक संगठन सिपाही पूर्व सैनिक महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया है। जिसके तहत 30 जुलाई 2026 को विकासखंड भरतपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवारपुर के छात्राओं द्वारा लिफाफे में अपना नाम पता लिखकर एक राखी एक चुटकी मिट्टी और पत्र ⏭ शेष पेज 4 पर



# जिला अस्पताल के वाहन स्टैंड से बाइक चोरी



**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर परिसर में संचालित वाहन स्टैंड से एक व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद वाहन की काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। अस्पताल में लगे सीसीटीव्ही समेत अन्य माध्यमों के जरिए खोजबीन की जा रही है। मामले ने वाहन स्टैंड की सुरक्षा व्यवस्था और ठेका प्रबंधन की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम विश्रामपुर निवासी दीपक दास 28 जुलाई को अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल लेकर मरीज को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित अधिकृत वाहन स्टैंड पर निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त की और वाहन खड़ा कर दिया। ⏭ शेष पेज 4 पर

### भाजपा के शासन में नये छत्तीसगढ़ का हो रहा उदय

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ने जारी बयान में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के



नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास, सुशासन और जनकल्याण के नये दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यशैली, जनहितैषी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों के कारण ₹नये छत्तीसगढ़₹ का निर्माण तेजी से हो रहा है जिसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। अंकित शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना के विकास, सड़क, पुल निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, कृषि, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# बिजली संकट पर भाजपा का प्रदर्शन

**जनकपुर।** नगर पंचायत जनकपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से जारी अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर बुधवार को जनाक्रोश सामने आया।

■ नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत के उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकतार्ओं ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार और स्थायी समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जनकपुर क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने के बावजूद उपभोक्ताओं को नियमित और निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। बार-बार फॉल्ट और ट्रिपिंग के कारण लगभग हर 10 से 15 मिनट में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारी, किसान, विद्यार्थी, छोटे उद्योग, अस्पताल तथा सरकारी कार्यालयों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। किसानों की सिंचाई व्यवस्था बाधित होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जबकि व्यापारियों को आर्थिक नुकसान और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल ⏭ शेष पेज 4 पर



### विभाग ने मानी संसाधनों की कमी

मामले में जनकपुर विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता (जेई)आतिश एक्का ने बताया कि बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक सामग्री और तकनीकी संसाधनों की कमी है। इसकी जरूरत का आकलन कर 6 जुलाई को विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जैसे ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध होगी, दो दिनों के भीतर सुधार कार्य शुरू कर बिजली व्यवस्था में स्पष्ट सुधार दिखाई देगा तथा फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## पूरे माह भगवान भोलेनाथ की होगी पूजा-अर्चना

# शिवालयों में अलसुबह से पूजा-अर्चना करने जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रावण मास के पहले दिन गुरूवार को श्रद्धालु सुबह होने के साथ ही अपने अपने क्षेत्र के शिवालयों में पूजा अर्चना करने के लिए जुटने लगे। इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर स्थित शिवालयों में श्रद्धावान भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।

शहर के प्रेमाबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी आस पास के श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए जुटते रहे और दोपहर तक यहां श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिए आना जाना लगा रहा। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में



श्रावण माह के पहले दिन श्रद्धालु भोले शिव की आराधना के लिए जुटते रहे।

पूरे श्रावण मास के दौरान भगवान शिव की आराधना आस्था व भक्ति के साथ पूजा अर्चना की जाती है। वहीं श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शिवालयों में सबसे अधिक भीड़ जुटती है। श्रावण का सोमवार शिव का प्रिय दिन होने के कारण इसकी महत्ता इस माह में बढ़ जाती है यही कारण है कि प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालय पहुंच कर जलाभिषेक, सहित विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हैं। कई श्रद्धालुओं द्वरा इस दिन उपवास रखकर विधि विधान के साथ शिव जी की पूजा अर्चना करते है। धार्मिक मान्यता है श्रावण सोमवार को किया गया व्रत एवं शिव जी का पूजन करने से असीम फल की प्राप्ति होती है।

### माह भर भक्ति में डुबे रहेंगे श्रद्धालु

पवित्र सावन माह में श्रद्धालु एक माह तक भक्ति भाव में डुब कर भोले बाबा शिव की आराधना करेंगे। इस दौरान शिवालयों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। कही भजन कीर्तन किया जाता है तो कई जगहों पर भण्ड़ारे का आयोजन का क्रम भी शुरू हो जाता है। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है।

### कांवड़ यात्रा की होगी शुरूआत

कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। विभिन्न जल स्त्रोतों से कांवड़ में जल भरकर श्रद्धालु पैदल लंबी दूरी तय कर भव्य कांवड़ यात्रा निकालते है हर हर महादेव की गुंज गुंजती रहती है। वही कोरिया एमसीबी जिले के काफी श्रद्धालु बाबा धाम जाने की योजना भी बनाते हैं।

# कोरिया जिला शतरंज संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं फर्म एवं सोसाइटी से पंजीकृत कोरिया जिला शतरंज संघ की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया है।

नई टीम में खेल के विकास और जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुभवी एवं सक्रिय पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कार्यकारिणी में राजेन्द्र सिंह को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं राजीव जायसवाल, योगेश गुप्ता एवं आनंद तिवारी को उपाध्यक्ष, अब्दुल शमीम को सचिव, मनोज पांडेय को सहसचिव, आशीष गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा सम्वर्त कुमार रूप को मीडिया प्रमुख बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शगुफ्ता खानम, अंजुम, रोशन पाठक, राशिद एवं परवेज अंसारी को शामिल किया गया है।

■ राजेन्द्र बने अध्यक्ष

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह एवं सचिव अब्दुल शमीम ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ियों को तराशना, नई प्रतिभाओं को अवसर देना तथा क्षेत्र में शतरंज गतिविधियों का विस्तार करना है। इसके लिए जल्द ही संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिताओं के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार वर्षों में कोरिया जिला शतरंज संघ ने राज्य स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। इस अवधि में इंटरनेशनल फिडे रेटिंग चेस टूनार्मेंट सहित लगभग एक दर्जन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराया गया है।

## खबर संक्षेप




### पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज के आईक्यूएसी एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा क्लासरूम टीचिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग तथा छत्तीसगढ़ सूचना प्रौद्योगिकी सोसायटी के सहयोग से किया जा रहा है। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. रीनू जैन ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन ला रहा है। यह शिक्षण, अधिगम एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सरल एवं परिणामोन्मुख बना रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों का अध्ययन कर आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग करते हुए क्लासरूम टीचिंग को अधिक नवाचारपूर्ण, गुणवत्तापूर्ण एवं विद्यार्थी-केंद्रित बना सकेंगे। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ. रेशम लाल प्रधान, मुख्य अतिथि डॉ. एचएस होता ने भी संबोधित किया। प्राचार्य एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रितेश वर्मा ने वर्चुअल लैब की विस्तृत जानकारी दी। समापन अवसर पर महाविद्यालय के उपाध्यक्ष राहुल जैन ने आभार प्रदर्शन किया।

### गो सम्मान अभियान के द्वितीय चरण में सरकार को सौंपे गए 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र



**सूरजपुर।** गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज जनपद सहित देशभर के सभी जिलों में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञातव्य है कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गौ सेवकों एवं गौ भक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गौ हत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना, केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जन जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। सूरजपुर की ओर से भी लगभग 1,83,578 नागरिकों के हस्ताक्षर 7215 पन्नो का संग्रहित डाटा पेन ड्राइव सहित प्रार्थना-पत्र संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिले के संत-महात्मा, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा, किसान, व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।

### अमड़ीपारा में 323 स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण पूर्ण, जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा




**राजपुर।** विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमड़ीपारा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में कुल 400 स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से अब तक 323 ट्रेंच का निर्माण पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा तथा जल संवर्धन एवं मोर गांव मोर पानी महाअभियान के उद्देश्यों को गति मिलेगी। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने श्रमिकों एवं संबंधित कर्मचारियों को योजना के उद्देश्य, कार्य के सफल क्रियान्वयन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने निर्धारित समय-सीमा में शेष कार्य भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय यादव, कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत के सरपंच, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

#### अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही, समय पर दवा वितरण नहीं होने से हुई एक्सपायर

# लखनपुर अस्पताल में बच्चों गर्भवती की दवाएं एक्सपायरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ की लापरवाही का खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में मिलने निःशुल्क मिलने वाली दवा समय पर गर्भवती माताओं व बच्चो को वितरण नहीं होने से बड़ी मात्रा में दवा एक्सपायरी हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि दवा की पेटियों को अस्पताल के बजाए मरच्यूरी कक्ष के खुले बरामदे में रखा गया था। जबकि कुछ दवा के शीशी से मैन्युफैक्चरिंग डेट में मिल गया है जिससे परिजन दवा लेने में परहेज करना ही मुनासिब समझ रहे है।

**खास बातें**

- मरच्यूी कक्ष के खुले बरामदा में रखे थे दवा पेटियां
- कई दवा के शिशि से मिट गए मैन्युफैक्चरिंग डेट

लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु आने वाले गर्भवती,शिशुवती माता और बच्चों को मिलने वाली निशुल्क दवा बड़ी मात्रा में एक्सपायरी हो गई है। अस्पताल प्रबंधन के लापरवाही के कारण क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं शिशुवती माताओं और बच्चों को सही समय पर विटामिन ए, आयरन सहित अन्य दवा वितरण नहीं होने से बड़ी मात्रा में दवा एक्सपायरी हो गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा खुले में दवा को रखा गया था। दवा वितरण प्रभारी अमित सिसोदिया द्वारा एक्सपायरी दवा को स्टोर रूम में रख दिया गया। ऐसे में सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है। अस्पताल परिसर में स्थित मर्चुरी के बरामदे के पास खुले स्थान पर बड़ी की संख्या में 2022 के आयरन सिरप की 6 माह से एस्पायर विटामिन ए सहित अन्य दवा की पेटियां खुले में रखी हुई हैं। आयरन सिरप मुख्य रूप से महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं तथा विटामिन ए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को स्वास्थ्य लाभ के लिए वितरित किया जाता है। लेकिन अस्पताल परिसर में खुले स्थान पर रखी गई इन दवाओं की स्थिति को लेकर लोगों में चिंता व्याप्त है।






एक्सपायरी दवा।

**मिट गया है मैन्युफैक्चरिंग एक्सपायरी और बैच नंबर**

दवा वितरण प्रभारी अमित सिसोदिया ने बताया कि सहायक खंड चिकित्सा अधिकारी बी नागवंशी को दवा वितरण हेतु दिया गया था। छत टपकने की वजह से खुले में रखे दवा का मैन्युफैक्चरिंग एक्सपायरी और बैच नंबर मिट गया होगा। मामला संज्ञान में आने के बाद दवा वितरण प्रभारी के द्वारा एक्सपायरी दावों को पुनः स्टोर रूम में रख दिया गया। इधर लोगों का कहना है कि यदि दवाएं वैध हैं तो उन्हें सुरक्षित और निर्धारित मानकों के अनुरूप भंडारित क्यों नहीं किया गया और यदि वे वितरण के लिए रखी गई हैं तो उनकी गुणवत्ता तथा उपयोग अवधि को लेकर स्पष्ट जानकारी क्यों उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। खुले स्थान पर दवाओं का रखा जाना न केवल सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर विषय है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठता है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

**नहीं है एक्सपायरी**

इस संबंध में दवा वितरण प्रभारी अमित सिसोदिया ने बताया कि संबंधित आयरन सिरप एक्सपायर नहीं हुआ है तथा इसकी वैधता वर्ष 2027 तक है। दवा वितरण प्रभारी के अनुसार सिरप को वितरण के उद्देश्य से वहां रखा गया है। हालांकि सिरप की बोतलों पर वर्ष 2022 की निर्माण तिथि अंकित होने के कारण लोगों के मन में इसकी गुणवत्ता और उपयोग अवधि को लेकर संशय बना हुआ। यही नहीं विटामिन ए की दवा 6 माह से एस्पायर है।

**दवा रखने नहीं है जगह**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं को रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है, इसलिए वितरण के लिए सिरप की पेटियां बरामदे के पास रखी गई हैं। वहीं वर्ष 2022 में निर्मित सिरप के वितरण और उसकी एक्सपायरी अवधि के संबंध में कहा कि वह यह नहीं बता सकते कि आयरन सिरप कितने वर्षों में एक्सपायर होता है। देख कर बता सकता हूं कंपनी के हिसाब से एक्सपायरी होता हैद्ध

-डॉ. ओपी प्रसाद
बीएमओ लखनपुर

अस्पताल परिसर में मरीजों के साथ आने वाले बच्चे इन सिरप की शीशियों को उठाकर खेलते हुए भी देखे गए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएमओ डॉ. पीएस मार्को के निवास स्थल से लगभग 50 फीट की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद दवाओं का इस प्रकार खुले में रखा जाना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है।

## वीएसके एप की तकनीक समस्या दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

छग टीचर्स एसोसिएशन ने वीएसके एप की तकनीकी खामियों के बीच वेतन कटौती के आदेश का विरोध करते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया है। संगठन ने पहले तकनीकी समस्याओं को दूर करने की मांग की है ताकि शिक्षको को होने वाली समस्या से निजात मिल सके। समस्या दूर किये बिना अगर वेतन कटौती की जाती है ऐसी स्थिति में संगठन उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगा। इसके साथ ही वीएसके में उपस्थिति नहीं होने पर वेतन काटने की स्थिति में प्रांतीय निर्देशानुसार वेतन काटने वाले डीडीओ का आगामी सात अगस्त को घेराव किया जाएगा।

इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्र ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क और सर्वर की बड़ी समस्या है। सीतापुर के कई विद्यालयों में आज भी मोबाइल नेटवर्क, जीपीएस, लोकेशन और सर्वर संबंधी समस्याएं बनी हुई हैं। कई क्षेत्रों में बारिश के दौरान सड़कें प्रभावित होने के कारण समय पर विद्यालय पहुंचना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में समय पर स्कूल पहुंचने वाले कई शिक्षकों की उपस्थिति भी वीएसके एप में दर्ज नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से शिक्षक उपस्थिति पंजी संधारित किया जाता है और शिक्षक उसमें हस्ताक्षर भी करते हैं। इसलिए केवल तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण एप को आधार बनाकर कार्रवाई करना उचित नहीं है। संगठन ने मांग की है कि किसी भी निर्णय से पहले ऑफलाइन उपस्थिति पंजी का भौतिक सत्यापन किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों में बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होनी चाहिए। एसोसिएशन ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं लेकिन तकनीकी समस्याओं वाले एप के आधार पर आर्थिक दंड देना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने शासन से पहले वीएसके एप की सभी तकनीकी कमियों को दूर करने और पूरे प्रदेश में एक समान एवं विश्वसनीय बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण,पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में बारिश के दिनों में कई-कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इससे मोबाइल फोन चार्ज करना भी संभव नहीं हो पाता है। ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्र सहित संगठन के पदाधिकारियों ने शासन से मांग की है कि वीएसके एप की तकनीकी त्रुटियों का शीघ्र निराकरण किया जाए।



- कहा- बिना समस्या दूर किये वेतन कटौती अप्रासंगिक

### कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के सूरजपुर जिलाध्यक्ष बने सुनील सारथी



**बिश्रामपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सहमति व जिलाध्यक्ष शशि सिंह के अनुशंसा पर कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल ने ग्राम पंचायत केशवनगर निवासी सुनील कुमार सारथी को अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का सुरजपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करने के उद्देश्य से पदारोहण का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 1 से 12वीं तक के लिए चयनित कक्षा नायक, उप कक्षा नायक, स्कूल कैप्टन, विभिन्न हाउस कैप्टन, लाजपत हाउस, गांधी हाउस एवं अशोक हाउस, स्पोर्ट्स कैप्टन, कल्चरल कैप्टन, साइंस कैप्टन तथा लिटरेरी कैप्टन सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों को औपचारिक रूप से उनके पद एवं दायित्व सौंपे गए।

मुख्य अतिथि ने चयनित छात्र-छात्राओं को बैज एवं पद-पट्टिका पहनाकर तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल कैप्टन कक्षा 11वीं से अंशराज पन्ना एवं गर्ल्स स्कूल कैप्टन श्रेया सिंह चयनित हुई। चयनित सभी ने पदरोहण समारोह में भाग लेकर अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व की शपथ ली। सभी छात्र प्रतिनिधियों ने मार्च-पास्ट की प्रस्तुति दी तथा मुख्य अतिथि को सलामी देकर अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रो. रजनीश सिंह ने कहा कि विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया तथा उन्हें पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। समारोह में संस्थान के संचालक एवं प्राचार्य डॉ. राकेश मोहन मिश्र ने भी उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन का वाचन किया।

## एसआईपी अबेकस राज्य स्तरीय प्रोडिजी प्रतियोगिता में तनय, आरना एवं सानिध्य बने चैंपियन

**अम्बिकापुर।** रायपुर में आयोजित एसआईपी अबेकस राज्य स्तरीय प्रोडिजी प्रतियोगिता में एसआईपी अबेकस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में अंबिकापुर केंद्र से कुल 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



यह प्रतियोगिता अंकगणित एवं मानसिक गणना कौशल पर आधारित थी, जिसमें प्रतिभागियों को निर्धारित समय में अधिकतम गणितीय प्रश्नों का तेज एवं शुद्ध समाधान करना होता है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की गणना क्षमता, एकाग्रता, स्मरण शक्ति, मानसिक गति एवं आत्मविश्वास का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में तनय जैन, आरना छाजेड़, एवं सानिध्य गुप्ता ने अपनी-अपनी श्रेणी में राज्य चैंपियन बने। प्रथम उपविजेता नायशा साहू, मेधांश माझी, प्रियांश पुरी, स्वप्निल सामंतराय एवं ईवा जेनीफर मिंज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय उपविजेता में अक्षिता गुप्ता, जॉनसन पॉल मिंज, युग सराफ, अनन्य रमन जायसवाल एवं तृतीय उपविजेता में अनिश्का मसोडकर, आदित्य श्रीवास्तव, यालिनी टोप्पो एवं आद्रिका सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त किया। एसआईपी अबेकस के संस्था प्रमुख नवनीत विश्वकर्मा ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## व्यापारी संघ, सर्राफा व्यापारी संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर दी नगर बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी के साथ हुई एक करोड़ के गहनों की उठाईगिरी का मामला गरमा गया है। चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से निराश एवं चिंतित नगर का व्यापारी संघ, सर्राफा व्यापारी संघ ने थाना प्रभारी, एसडीओपी एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ ने गुरुवार तक अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। आरोपियों के पकड़ में नहीं आने पर व्यापारी एवं सर्राफा व्यापारी संघ ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से नगर बंद एवं चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

बता दें कि नगर के एनएच 43 किनारे संचालित काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी 26 जुलाई को एक करोड़ रूपए के जेवरों की उठाईगिरी के शिकार हो गए। घटना के दौरान सुबह 11.30 बजे गहनों से भरा बैग स्कूटी पर टांगकर दुकान का शटर खोल रहे थे। उठाईगिरी की इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है और इस वारदात के पीछे अंतर्राज्यीय गिरोह के शामिल होने की बात कही जा रही है एसएसपी राजेश अग्रवाल खुद इस मामले की जांच अपनी निगरानी में करा रहे है लेकिन अब तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।



इस घटना के बाद जानमाल की सुरक्षा को लेकर व्यापारियों में आक्रोश के साथ माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई। पुलिस के हाथ अहम सुराग लगने एवं घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नही होने से व्यापारीयो का धैर्य जवाब दे दिया। व्यापारियों ने इस पर चिंता जताते हुए नगर के सभी व्यापारियों की एक बैठक बुलाई और बैठक के बाद व्यापारी संघ थाने जा पहुंचा जहां उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप गुरुवार तक अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग की है।

## विधायक ने बाबा महाकाल के चरणों में माथा टेककर बच्चों के साथ मनाई जन्मदिन

**प्रतापपुर।** विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने इस वर्ष अपना जन्मदिन आध्यात्मिक वातावरण में महाकाल की नगरी उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर के चरणों में माथा टेककर मनाया। उन्होंने बाबा महाकाल से विधानसभा एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और खुशहाली की कामना की। साथ ही अपने विधानसभा में पहुंचकर स्कूली बच्चों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन मनाई। विधायक के जन्मदिन को लेकर पूरे दिन उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। सुबह से देर शाम तक उनके निवास सहित विभिन्न



स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, समर्थकों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के लोगों ने विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के जनसेवा, सरल स्वभाव और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और ग्रामीण विकास जैसे मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें क्षेत्र की लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है।

TOP IN KORIYA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# दुनिया भर में आज रिलीज होगा रामायण का ट्रेलर...

**मुंबई।** 'रामायण' का ट्रेलर 30 जुलाई को भारतीय समय के अनुसार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। खबर यह भी है कि आज रिलीज हो रही हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ 'रामायण' का ट्रेलर अटैच रहेगा। इससे पहले ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था। हालांकि, बाद में मेकर्स ने इसे टाल दिया। 'रामायण' के निर्माता नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा 'शुभ ब्रह्म मुहूर्त में, हम 30 जुलाई , गुरुवार को सुबह 4:15 बजे दुनिया भर में अपने ट्रेलर के साथ रामायण के आगमन का स्वागत करते हैं।'

लाइफ Style


# काजल

## असिस्टेंट डायरेक्टर ने की शर्मनाक हरकत

बॉलीवुड में अक्सर हम देखते हैं कि एक्ट्रेसेस ही नहीं एक्टर भी अपने साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर शॉकिंग बातें शेयर करते हैं। कई स्टार्स ने बचपन में खुद के साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर भी खुलासे किए। ऐसे में अब एक जानी मानी एक्ट्रेस ने अपने साथ हुई एक शॉकिंग घटना के बारे में बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस का कहना है कि फिल्म सेट पर एक फैन से हुई मुलाकात ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था। ये कोई और नहीं, बल्कि साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस काजल अग्रवाल हैं। काजल ने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। यही नहीं, उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी जबरदस्त है। हाल ही में काजल ने खुद के साथ हुई एक शॉकिंग घटना का जिक्र किया। काजल ने बताया कि एक असिस्टेंट डायरेक्टर बिना उनकी परमीशन के उनके कारवां में घुस आया, जब वह अकेली थीं। इसके बाद वो अपने अपने शरीर पर काजल के नाम का टैटू दिखाने लगा, जिसने एक्ट्रेस को चौंका दिया। हालांकि, उन्होंने इस जेस्चर की तारीफ की, लेकिन उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह सब हुआ, वह हद पार करने जैसा था। काजल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'कुछ दिन पहले, एक फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद मैं अपने कारवां में आराम कर रही थी। तभी, फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने वाला एक व्यक्ति बिना इजाजत लिए अचानक मेरे कारवां में घुस आया। उसने तुरंत अपनी शर्ट उतारी और मुझे अपनी छाती पर बना मेरे नाम का टैटू दिखाया। मैं इस घटना से इतनी हैरान रह गई कि मेरे हाथ-पैर कांपने लगे।'



हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी गेम का टूट गया कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** सोनी ने 'जुमानजी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'जुमानजीः ओपन वर्ल्ड' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट, जैक ब्लैक और कैरेन गिलन की झलक देखने को मिलती है। 3 मिनट 6 सेकंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि जुमानजी गेम का कंट्रोल टूट गया है। वीडियो गेम के किरदार असली दुनिया में आ गए हैं। जंगल के खतरनाक जानवर खुलेआम सड़कों पर तबाही मचा रहे हैं। गेम के हीरो मिलकर इस खेल को रोकने की कोशिश करते हैं।



# बायोपिक के लिए एक्ट्रेस का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन...

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिनेमा की लोकप्रिय अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए को उसमें डकोटा जॉनसन का नाम शामिल होता है। फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे जैसी फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वालीं डकोटा इस वक्त अपनी एक अपकमिंग फिल्म के लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जो हॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस और गायिका रहीं मर्लिन मुनरो के जीवन पर आधारित होगी। ये एक शॉर्ट फिल्म होगी, जिससे अब डकोटा जॉनसन का फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जिसे देख आप मर्लिन और डकोटा में फर्क नहीं निकाल पाएंगे। हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार डकोटा जॉनसन कितनी कमाल की और मेहनती एक्ट्रेस हैं, उसका अंदाजा आप मर्लिन मुनरो की बायोपिक शॉर्ट फिल्म फ्लैश इम्पेक्ट के फर्स्ट लुक को देखकर आसानी से लगा सकते हैं।



# चकदा एक्सप्रेस रिलीज न हो पाने का अफसोस

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' रिलीज नहीं हो सकी है। इसका अभिनेत्री रेणुका शहाणे को अफसोस है। उनका कहना है कि पूरी टीम ने इस फिल्म पर काफी मेहनत की थी और झूलन गोस्वामी जैसी दिग्गज क्रिकेटर की प्रेरणादायक कहानी ऑडियंस तक पहुंचनी चाहिए थी। रेणुका शहाणे ने कहा, 'मुझे दुख है, क्योंकि चकदा एक्सप्रेस बहुत अच्छी बनी है। इसके निर्देशक प्रोसित रॉय ने काफी मेहनत की है। अनुष्का शर्मा समेत पूरी टीम ने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की। पीरियड फिल्म बनाना प्रोडक्शन के स्तर पर काफी चुनौतीपूर्ण और खर्चीला होता है। इसे बहुत बारीकी से तैयार किया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'सबसे अहम बात यह है कि यह झूलन गोस्वामी जैसी उम्दा क्रिकेटर की कहानी है।



# आर्यभट्ट में कभी हार न मनाने का मैसेज

**मुंबई।** रवि किशन, शिल्पा शिंदे और हिमांश कोहली से सजी फिल्म 'आर्यभट्ट का जीरो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म फिर से आपको एक आईएएस बनने की चाह रखने वाले लड़के के पास ले जाएगी। इसकी दमदार कास्ट कहानी में रंग भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। । 'आर्यभट्ट का जीरो' 7 अगस्त, को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2 मिनट 38 सेकंड का यह ट्रेलर एक साधारण लड़के की असाधारण यात्रा की झलक दिखाता है, जो असफलताओं, टूटे सपनों, दिल टूटने, पारिवारिक जिम्मेदारियों और लगातार सामाजिक मजाक से जूझते हुए सम्मान और आत्मसम्मान की तलाश करता है। पिता-बेटे का भावुक रिश्ता, जीवन की सबसे कठिन चुनौतियां और कभी हार न मानने का मैसेज ट्रेलर को खास बनाते हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा को 18 साल पूरे, मनाया गया जश्न

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ एक सीरियल नहीं, बल्कि इमोशन बन चुका है। सीरियल का सफर साल 2008 में आज के ही दिन शुरू हुआ था। 28 जुलाई को इस सीरियल ने 18 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जश्न भी भव्य मनाया गया। मेकर्स ने इवेंट आयोजित किया। जहां, जेठा लाल यानी दिलीप जोशी, बापू जी (अमित भट्ट) और पोपटलाल (श्याम पाठक) को एक साथ देखा गया। शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हो गई है। आज भी यह पसंदीदा शो बना हुआ है। पूरा परिवार साथ बैठकर इसका लुत्फ उठाता है। सीरियल के 18 साल पूरे होने पर जश्न मनाया गया, जहां सीरियल की कास्ट शामिल हुई। इवेंट में जेठा लाल, पोपटलाल और बापूजी साथ नजर आए। इस दौरान तीनों ने पैप्स को पोज दिए। इस आइकॉनिक सीरियल में बापूजी का किरदार एक्टर अमित भट्ट निभाते हैं। उनकी उम्र 53 वर्ष है। शो में अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए वे टोपी का सहारा लेते हैं। इसी के जरिए वे अपने काले बाल छिपाते हैं। एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी बीच अभिनेत्री मुनमुन दत्ता का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है। 'तारक मेहता' में मुनमुन को बबीता जी की भूमिका में देखा जाता है। वायरल वीडियो में वे पैपराजी पर नाराज होती दिख रही हैं। सीरियल को 18 साल पूरे होने पर निर्माता असित मोदी ने पोस्ट साझा कर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, '18 साल! यकीन नहीं होता कि आज इस सफर को पूरे 18 साल हो गए।

## ओटीटी पर दिखेगी महाभारत के वीर योद्धा की कहानी

**नई दिल्ली।** महाकाव्य महाभारत सिनेमा जगत का सबसे लोकप्रिय माइथोलॉजिकल जॉनर माना जाता है। बी आर चोपड़ा के महाभारत टीवी सीरियल से लेकर अब तक कई सारे धारावाहिक, फिल्म और सीरीज का निर्माण किया जा चुका है। अब इस मामले में एक और नई सीरीज द लीजेंड ऑफ करण का नाम शामिल हो रहा है, जिसमें महाभारत के वीर योद्धा कर्ण की कहानी को दर्शाया जाएगा। द लीजेंड ऑफ करण की ओटीटी रिलीज की तरफ तो पौराणिक कहानी वाली इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 31 जुलाई 2026 को ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा। महाभारत के सबसे लोकप्रिय और चर्चित पात्र में कर्ण का नाम शामिल होता है। अब उनके व्यक्तिगत जीवन पर आधारित द लीजेंड ऑफ करण का निर्माण किया गया है। इससे पहले आपको अर्जुन और भगवान कृष्ण जैसे महाभारत पात्रों पर सीरीज और टीवी शोज देखने को मिले होंगे। ऐसा पहली बार होगा जब कर्ण पर कोई सोलो सीरीज बन रही है।



# दो पार्ट में बनेगी राका शाहरुख करेंगे स्पेशल कैमियो

**मुंबई।** पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन अब जवान के डायरेक्टर एटली के डायरेक्शन में बन रही साइंस-फिक्शन फिल्म 'राका' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने की तैयारी में हैं। ये एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बताया जा रहा है और इसते हाई-एंड वीएफएक्स लिए इंटरनेशनल स्टूडियोज के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। वहीं,अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 'राका' दो पार्ट में बनेगी। शाहरुख खान का फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस अभी शूट नहीं हुआ है और इसे विदेश में होने वाले शेड्यूल के दौरान शूट किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'राका' एक ऐसी कहानी दिखाएगी जो दो अलग-अलग दौर पर आधारित है। पहला हिस्सा आदिवासी पौराणिक वैदिक काल का होगा और दूसरा हिस्सा मौजूदा समय का बताया जा रहा है। जहां मृणाल ठाकुर आधुनिक दौर में लीड रोल में होंगी तो वहीं दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना



ऐतिहासिक दौर का हिस्सा होंगी। ये फिल्म 1000 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में चेम्बन विनोद जोस, योगी बाबू और फेमिना जॉर्ज भी नज़र आएंगे। विजय सेतुपति भी फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण के अलावा बाकी कास्ट की ऑफिशियली कंफर्मेशन नहीं दी है।

# फिर साथ में काम करने के लिए तैयार शरवरी-वेदांग, इम्तियाज से मिलाया हाथ

*फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में दर्शकों की दिल जीतने के बाद शरवरी वाघ और वेदांग रैना एक बार फिर एक नए प्रोजेक्ट में एक-साथ नजर आने वाले हैं। खबरों की मानें तो इन कलाकार को निर्देशक इम्तियाज अली की अगली रोमांटिक फिल्म में लीड रोल के लिए साइन किया गया है। इसकी शूटिंग नवंबर में शुरू हो सकती है।*

**मुंबई।** लंबे समय तक चली राइटिंग प्रोसेस के बाद बिना नाम वाली फिल्म की पटकथा पूरी हो गई है। इसका मुख्य डेवलपमेंट का काम पूरा हो चुका है। कास्टिंग भी पूरी हो गई है और अब प्रोडक्शन टीम लोकेशन खोजने, शेड्यूल बनाने और दूसरी योजना पर ध्यान देगी। ताकि इस साल के आखिर में शूटिंग शुरू हो सके।

प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मेकर्स को भरोसा है कि सब कुछ सही चल रहा है। टीम अब प्री-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है और यह पक्का कर रही है कि नवंबर में प्रोडक्शन शुरू होने से पहले सभी क्रिएटिव और टेक्निकल इंतजाम पूरे हो जाएं। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इम्तियाज अली को लगता है कि शरवरी और वेदांग रैना फिल्म के इमोशनल माहौल के लिए एकदम सही हैं। दोनों एक्टर्स ने हाल के कुछ परफॉर्मेंस से अपनी अच्छी पहचान बनाई है।



उनका साथ आना इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबियों में से एक होगा।'मैं वापस आऊंगा' में उनकी जोड़ी चर्चा में रही थी। दूसरी बार उनका साथ आना उन दर्शकों के लिए और भी रोमांचक है, जो उन्हें फिर से साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 'मैं वापस आऊंगा' इसी साल 12 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है।

## एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज

# अगस्त का महीना होगा धमाकेदार, थिएटर्स में रिलीज होंगी ये दमदार फिल्में

*नई दिल्ली। अगस्त का महीना मूवी लवर्स के लिए बेहद खास होने वाला है। अगस्त में आपको एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज मिलेगा। ये महीना भी थिएटर में एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जुलाई की तरह ही आप इस महीने भी मनोरंजन का पूरा मजा लेने वाले हैं। इस महीने एक दो नहीं बल्कि 12 धमाकेदार फिल्में थिएटर में बवाल मचाएंगी। इसमें आपको एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज मिलने वाला है।*

### प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी

अगस्त की शुरुआत राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' से होने वाली है। इस फिल्म को लेकर राजकुमार काफी चर्चा में हैं। ये एक भारतीय कोर्टरूम ड्रामा और बायोग्राफिकल फिल्म है। इस फिल्म को विनाश अरुण धवरे ने निर्देशित किया है। प्रहार में राजकुमार ने पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (सरकारी वकील) उज्ज्वल निकम का किरदार निभाया है। ये मूवी 7 अगस्त का थिएटर में रिलीज होने वाली है।

### डीसी

'डीसी' एक तमिल रोमांटिक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इस मूवी को मशहूर डायरेक्टर अरुण मथेश्वरन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में लोकेश कनगराज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में लोकेश कनगराज देवदास के रूप में और वामिका गब्बी चंद्रा के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।




### जी.डी.एन

आर. माधवन की आगामी बायोपिक फिल्म 'जी.डी.एन' महान भारतीय आविष्कारक और उद्योगपति गोपालस्वामी दोरईस्वामी नायडू (जी.डी. नायडू) के जीवन पर आधारित है, जिन्हें 'भारत का एडिसन' कहा जाता है। यह फिल्म अब 7 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। मूवी को कृष्ण कुमार रामकुमार ने डायरेक्ट किया है। आर. माधवन के आलवा मूवी में प्रियामणि, सत्यराज, और जयराम अहम भूमिका में हैं।

### थोडक्कम

मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल की फिल्म 'थोडक्कम' 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन लोकप्रिय निर्देशक जूड एंथनी जोसेफ ने किया है, जो ऑस्कर के लिए नामांकित हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म '2018' के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।

### विश्वनाथ एंड संस

विश्वनाथ एंड संस अभिनेता सूर्या की एक आगामी पारिवारिक और रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी अटुलुरी ने किया है। मूवी में सूर्या के अलावा मामिता बैजू, राधिका सरथकुमार और रवीना टंडन अहम किरदार में हैं।

### बंटवारा 1947

सनी देओल एक बार फिर से बवाल मचाने के लिए तैयार हैं। सनी की फिल्म 'बंटवारा 1947' 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली है। इसी दिन एक और बड़ी फिल्म रिलीज होने वाली है। सनी का सामना इसी दिन इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' से होने वाला है। बता दें कि 'बंटवारा 1947' आमिर खान के प्रोडक्शन की फिल्म 'बंटवारा 1947', जो एक देशभक्ति मूवी है। इस फिल्म में सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, करण देओल और अली फजल अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है।

## खबर संक्षेप

### बाजार गए युवक की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी कन्हैया लाल एक्का आ. जगसाय एक्का (31 वर्ष) 22 जुलाई को बाइक क्रमांक सीजी 12 एटी 2846 से साप्ताहिक बाजार प्रेमनगर गया था। युवक बाइक को नगर पंचायत कार्यालय के सामने खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक नहीं मिला को घटना की रिपोर्ट प्रेमनगर थाने में दर्ज कराई।

### गुरू पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में हुआ यज्ञ एवं कीर्तन



दरिमा। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में एक कुंडली यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में दरिमा कोटिया, छिंदकालो, खजूरी तथा आसपास के गांवों बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तथा यज्ञ व कीर्तन-भजन में भागीदारी की। इस दौरान गुरू महिमा का पाठ किया गया। यज्ञ एवं कीर्तन पश्चात गायत्री परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर महाप्रसाद वितरित किया गया जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गायत्री परिवार के श्रीराम सिद्धार्थ, बसंती सिद्धार्थ, आशा दास मानिकपुरी, नंद जी संजय के अलावा काफी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया बैंक व ज्वेलर्स दुकानों का निरीक्षण



सेदम। बतौली क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आपराधिक गतिविधि में रोक लगाने के उद्देश्य से बतौली पुलिस ने बैंक सहित ज्वेलर्स दुकान का निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा बतौली के भारतीय स्टेट बैंक, एच डी एफ सी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, ज्वेलर्स दुकान,का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वित्तीय संस्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सघन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही वित्तीय संस्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए है। वित्तीय संस्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों की संदेह पर तुरंत जानकारी देने की बात कही। पुलिस ने बैंकों में उपस्थित खाता धारकों को धोखाधड़ी, जालसाजी एवं ठगी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

मनेन्द्रगढ़। बचपन प्ले स्कूल में 28 जुलाई 2026 को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर,बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के महत्व को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित करना था।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों के सम्मान का दिया संदेश

# मेहनत ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह ने अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत बिहारपुर, कछौड़ एवं केल्हारी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, अब बच्चों का दायित्व है कि वे पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन करें। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

सफलता केवल उन्हीं को मिलती है जो निरंतर परिश्रम करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा से उन्हें हासिल करने का आह्वान किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उन्होंने गुरुजनों की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों का सदैव सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि विधायक रेणुका सिंह विगत दो वर्षों से अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार कर रही हैं।

मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं स्कूटी जैसे पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिता सिंह, केल्हारी मंडल अध्यक्ष धीरज मौर्य, विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता, हसदेव मंडल अध्यक्ष बबीता सिंह, हसदेव मंडल महामंत्री भगवान दास, केल्हारी एसडीएम इंद्रा मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी यादव, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, जनप्रतिनिधिगण, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ओएमआर परीक्षा से परखी विद्यार्थियों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर रोक्तिमा यादव के पहल विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक ज्ञान, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। इसी के तहत बैकुंठपुर स्थित आईसेक्ट कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल एवं श्रम अधिकारी तनुजा माझी ने अपने सीजी पीएससी चयन और साक्षात्कार के अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की प्रभावी रणनीति, समय प्रबंधन, उत्तर लेखन, व्यक्तित्व विकास तथा इंटरव्यू की तैयारी के महत्वपूर्ण गुर विद्यार्थियों को बताए। उन्होंने कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया। नवनियुक्त आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक कमल एवं सूरज तथा आरक्षक महबूब आलम और परवीन यादव ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी छत्तीसगढ़ शासन की 'जनमन' पत्रिका एवं 'सुशासन संकल्प' पुस्तिका का वितरण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रतिभा का आकलन करने के लिए यूपीएससी, सीजी पीएससी, व्यापम और बैंकिंग परीक्षाओं की तर्ज पर 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने ओएमआर शीट पर उत्तर अंकित किए। विशेष अभ्यास ओएमआर शीट की व्यवस्था जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल द्वारा कराई गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में उर्मिला टोप्पो ने प्रथम, वर्षा यादव ने द्वितीय, पूर्णिमा राजवाड़े ने तृतीय, रितेश कुमार ने चतुर्थ तथा अनीक सिंह ने पंचम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैकुंठपुर के युवा गायक सचिन गुप्ता 'डिम्मी' ने देशभक्ति एवं प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

## चिरमिरी में 45 हजार पौधारोपण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



चिरमिरी क्षेत्र में एसईसीएल और वन विकास निगम द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान को लेकर स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि रिहायशी इलाकों के समीप बड़े पैमाने पर पौधारोपण किए जाने से भविष्य में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ सकती है, जिससे लोगों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र बंदरों के आतंक से पहले ही परेशान है। यदि आबादी के बीच या उसके समीप घना वृक्षारोपण किया जाता है तो भविष्य में भालू, तेंदुआ अथवा अन्य वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने मांग की है कि रिहायशी क्षेत्रों में वृक्षारोपण वैज्ञानिक मानकों और पर्याप्त दूरी का पालन करते हुए किया जाए। गौरतलब है कि 21 जुलाई 2026 को कोल इंडिया लिमिटेड के राष्ट्रव्यापी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अभियान के तहत एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र में एक ही दिन में 45 हजार पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था। इस दावे पर भी कुछ स्थानीय नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में पौधारोपण के लिए पर्याप्त भूमि और संसाधनों की आवश्यकता होती है, इसलिए इस अभियान की वास्तविकता और स्थल संबंधी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में एक एकड़ भूमि में पौधों की संख्या उनकी प्रजाति और रोपण पद्धति पर निर्भर करती है। विशेषज्ञों के अनुसार घनत्व अलग-अलग परियोजनाओं में भिन्न हो सकता है, इसलिए अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी सार्वजनिक होने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि पौधारोपण स्थलों, क्षेत्रफल, पौधों की संख्या और उनके रखरखाव की जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके। साथ ही उन्होंने रिहायशी क्षेत्रों में वृक्षारोपण के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी विचार-विमर्श करने की मांग की है।

## फुलपुर में किया गया 50 पौधों का रोपण




बैकुण्ठपुर। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस. एन. पाण्डेय एवं प्रो. एम.सी. हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के दिशानिर्देश एवं कार्यक्रम अधिकारी कनकलता पैकरा के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बुधवार को कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर तहसील के फुलपुर ग्राम पंचायत में पौधारोपण का सफल आयोजन किया गया। इसके तहत महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने ग्राम फुलपुर में खाली भूमि में कटहल, आम, जामुन, करंज, काजू, नीम एवं मुनगा के कुल 50 फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया। इस अवसर पर भारत सिंह, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, विपिन सिंह, तेजी लाल कुजूर, प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू, खुशबू, प्रियंका, सत्येंद्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, चुन्नू एवं उर्मिला, छात्राएं खुशी, पुष्पांजली, संतोषी सहित अनेक छात्राओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

## एचएमएस छोड़ कामगारों ने थामा कोयला मजदूर पंचायत का दामन

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़




एसईसीएल गेवरा, दीपिका एरिया के बाद हसदेव एरिया में कोयला मजदूर सभा श्रमिक संगठन में बड़ी टूट सामने आई है। लगभग 400 श्रमिकों एवं महिला कामगारों ने नाथूलाल का नेतृत्व किनारे कर हिंद मजदूर सभा के दूसरे संगठन कोयला मजदूर पंचायत का दामन थाम लिया है।

27 जुलाई को वेस्ट झगराखंड कॉलरी के मांगलिक भवन में आयोजित कोयला मजदूर पंचायत की आहूत बैठक में एक मुश्त सैकड़ों महिला एवं पुरूष कामगारों ने कोयला मजदूर पंचायत की सदस्यता ग्रहण की। विगत दो वर्षों से चल रहे विवाद में मजदूरों के चंदे की राशि में कथित रूप से अनियमितता का मामला सामने आने के बाद गेवरा, दीपिका के बाद अब हसदेव क्षेत्र के सैकड़ों श्रमिकों ने कोयला मजदूर पंचायत जो हिंद मजदूर सभा से संबद्ध संगठन है, उसका दामन थामा है। शीघ्र ही एसईसीएल के अन्य क्षेत्रों में भी कोयला मजदूर पंचायत में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विवेक सिंह चौहान, पंकज सिंह, पंकज गौतम, रामप्रीत कुशवाहा, अशोक कुमार, दुर्गेश सिंह, भानू घोष, अरविंद पाटले, आदित्य तिवारी, संतोष द्विवेदी, आशीष शुक्ला, अमित सिंह, शमीम, सौरभ मिश्रा, सुरेश पटेल, देवनारायण सिंह, नारायण चक्रवर्ती, देवप्रसाद, लल्लू यादव, तन्मय पालित, गुलाब यादव, राजकुमार साहू, चंदन सरकार, जटाशंकर, विद्यासागर, शिवमूरत यादव, मृत्युंजय मुखर्जी, चंद्रकुमारी, सोनाली, ममता, मनौती देवी, कुमुद, बीना जी, रानी कोल, रवि जायसवाल, संदीप गुप्ता, उत्तम कुमार, पूरन लाल, उजियाला कुमार, अनिल सिंह, गागीर्शंकर द्विवेदी, सुरेश पटेल फिटर, दिनेश कुमार, निर्देश, अजय जायसवाल सहित सैकड़ों कामगार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष कामरेड सत्यदेव सिंह एवं संचालन सुनील पांडेय ने किया।

## पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

थाना रामचंद्रपुर पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार कर तहसील में प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) एवं 61(2) के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार ग्राम रेवतीपुर निवासी 80 वर्षीय अलाउद्दीन अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2013 में उन्होंने अपनी एक भूमि संत कुमार ठाकुर को विक्रय की थी। वर्ष 2018-19 में ऑनलाइन भू-अभिलेख संधारण के दौरान त्रुटिवश उनकी दूसरी भूमि, खसरा नंबर 149/2 भी संत कुमार ठाकुर के नाम दर्ज हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने तहसील कार्यालय में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी दौरान संबंधित भूमि के आधार पर बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण भी ले लिया गया, जिसके कारण नामांतरण संबंधी त्रुटि का सुधार नहीं हो सका। तहसील द्वारा रजिस्ट्री की प्रति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जाने पर आरोपी संत कुमार ठाकुर ने अपने सहयोगियों हामिद जुलाहा एवं लल्लू नागवंशी के साथ मिलकर कथित रूप से फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार किए और तहसील रामचंद्रपुर में प्रस्तुत कर दिया। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर तहसील में चल रहा प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया। बाद में शिकायतकर्ता द्वारा मामले की शिकायत किए जाने पर एसडीओपी स्तर पर जांच कराई गई। जांच में दस्तावेजों के फर्जी पाए जाने के बाद थाना रामचंद्रपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

## हाईस्कूल नागपुर में पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी पुलिस अधीक्षक एमसीबी रत्ना सिंह (आईपीएस) के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पोड़ी ओमप्रकाश दुबे के नेतृत्व में पुलिस सहायता केंद्र नागपुर द्वारा हाई स्कूल नागपुर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस सहायता केंद्र नागपुर के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अन्य उपस्थितजनों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही, तेज रफ्तार, बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी करने के कारण होती हैं। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे तो बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

## भाजपा मंडल शिवपुर-चरचा ने मनाया समरसता संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 685वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल शिवपुर-चरचा द्वारा स्थानीय श्री राम मंदिर एवं श्री हनुमान मंदिर परिसर में राष्ट्रव्यापी समरसता संकल्प दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सैकड़ों दीप प्रज्वलित कर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा उनके बताए समता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका शिवपुर-चरचा के उपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि संत रविदास जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानव सेवा का संदेश देता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता, समानता और राष्ट्रहित की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुंती चक्रधारी, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, आदित्य जायसवाल, महमूद हसन, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष झरमिला देवी, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला सिंह, पार्षद रामकली पाल, संजय देवांगन, दीपा राजेश सिंह, राजेन्द्र चक्रधारी, पीसी पाण्डेय, सतेन्द्र ओझा, शशिभूषण राय, शिल्पा शर्मा आदि शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना में छात्र गंभीर, कॉलरीकर्मी भी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



स्कूली बच्चों को बिना लाइसेंस दोपहिया वाहन देना लगातार सड़क हादसों का कारण बन रहा है। बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में आत्मानंद विद्यालय के कक्षा 9वीं कक्षा के छात्र हरिकिशन राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेया निवासी हरिकिशन राजवाड़े पिता बोधन राजवाड़े बुधवार शाम करीब 4:15 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक से अपने घर को लौट रहा था,हर्राटिकरा गांव के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक जो गायत्री खदान से ड्यूटी कर लौट रहे कॉलरी कर्मी रामविशाल पिता शर्माराम, निवासी कॉंसापारा, चला रहे थे। हादसे में दोनों घायल हो गए, जबकि दोनों मोटरसाइकिलें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना एक बार फिर नाबालिगों को दोपहिया वाहन सौंपने की गंभीर समस्या को उजागर करती है। पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान और कार्रवाई के बावजूद कई अभिभावक मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी कर बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दे रहे हैं। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नाबालिग वाहन चालकों...

नाबालिग के वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी या अभिभावक पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना की स्थिति में बीमा दावे पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस ने बताया कि 30 जुलाई से 14 अगस्त 2026 तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जबकि 16 अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों एवं संबंधित अभिभावकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों के चालकों की बैठक लेकर उन्हें उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। चालकों को पांच दिनों के भीतर वाहन के सभी दस्तावेज, वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं एचएसआरपी नंबर प्लेट पूर्ण कराने तथा क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन नहीं करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित अवधि के बाद कमी पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जागरूकता अभियान में यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, सहायक उपनिरीक्षक किशुन राम भगत, हवलदार डॉ. महेश मिश्रा, सैनिक राजेश साहू एवं राजेश खलखो सहित यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### कुंवारपुर स्कूल की...

सैनिकों को भेजा गया है। छात्रों को जानकारी देते हुए संस्था के प्राचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार आ रहा है जो सैनिक भाईयो को राखी बाधना देश के प्रति प्रेम कृतज्ञता और उनके प्रति भाई बहन जैसे पवित्र रिश्ते को महसूस करने का एक भावुक तरीका है। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य राजेश कुमार द्विवेदी, विनोद कुमार सिंह, राजेश प्रसाद, नारायण प्रसाद, लक्ष्मीनारायण पटेल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे है।

### जिला अस्पताल के...

रात बीतने के बाद सुबह लौटने पर जिस स्थान पर उन्होंने बाइक खड़ी की थी, वहां वाहन नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। जिला अस्पताल परिसर में संचालित वाहन स्टैंड पर वाहन खड़ा करने के एवज में लोगों से निर्धारित शुल्क लिया जाता है। ऐसे में वाहन मालिक स्वाभाविक रूप से अपनी गाड़ी की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो जाते हैं। बावजूद इसके यदि स्टैंड से ही वाहन चोरी हो जाए तो सुरक्षा व्यवस्था और ठेका प्रबंधन की जवाबदेही पर सवाल उठना लाजिमी है। इस घटना के बाद वाहन स्टैंड का संचालन कर रहे ठेका प्रबंधन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

### बिजली संकट पर...

असर पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि स्थानीय उपकेंद्र में तकनीकी स्टाफ, उपकरण अथवा अन्य संसाधनों की कमी है तो उसे तत्काल पूरा किया जाए। साथ ही बार-बार होने वाले फॉल्ट और ट्रिपिंग की तकनीकी जांच कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू करने की भी मांग उठाई गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र प्रभावी समाधान नहीं किया गया तो आम जनता के साथ लोकतांत्रिक एवं जनहितकारी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी हस्ताक्षर कर बिजली संकट के शीघ्र समाधान की मांग का समर्थन किया।

